**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## प्रसार अधिकारियों के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पन्तनगर। 25 अगस्त 2023। समेटी–उत्तराखण्ड (प्रसार शिक्षा निदेशालय) एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान, नीलोखेड़ी, हरियाणा (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वाधान में प्रसार अधिकारियों के क्षमता विकास हेतु 'प्रसार की विधियां एवं सोशल मीडिया का कृषि तकनीक हस्तांतरण में भूमिका' विषयक प्रशिक्षण, जो अगस्त 22, 2023 को प्रारम्भ हुआ था, आज अगस्त 25, 2023 को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कृषक भवन के सभागार से निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी, डा. जय प्रकाश जायसवाल ने कहा कि कृषि के विकसित तकनीक के हस्तांतरण में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। आज कृषक व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टोल फ्री हैल्पलाइन जैसे साधनों का उपयोग कर अपने कृषि सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के साथ–साथ अन्य कृषकों को भी तकनीक से अवगत कराते हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अपील किया कि इस चार दिनी प्रशिक्षण में सीखे गये विषयों को अपनाकर अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें तथा फसलों के पैदावार एवं कृषकों की आय बढ़ोत्तरी में सार्थक भूमिका निभायें। डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक एवं समन्वयक समेटी ने कहा कि चूंकि आप लोग सीधे कृषकों के सम्पर्क में रहते हैं, अतः विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तकनीक के प्रचार–प्रसार में आप महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। तकनीक हस्तांतरण हेतु विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक सदैव आपके सहयोग हेतु समर्पित रहेंगे। इस 4 दिनी प्रशिक्षण में अनेक विषय जैसे तकनीक हस्तांतरण में प्रसार रणनीति, प्रसार वार्ता की योजना तथा विधियां, प्रसार प्रबन्धन हेतु उन्नत तकनीक, सोशल मीडिया का कृषि में उपयोग, नेतृत्व विकास, तनाव प्रबन्धन, कृषि एवं पशुपालन द्वारा टिकाऊ विकास जैसे विषयों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। प्रसार प्रशिक्षण संस्थान, नीलोखेड़ी हरियाणा के संकाय सदस्य डा. सत्यकाम मलिक एवं डा. जसविन्दर कौर ने प्रशिक्षण विषय सम्बन्धी तकनीकी जानकारी देने के साथ–साथ पंत विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जय प्रकाश जायसवाल एवं समन्वयक समेटी, डा. बी.डी. सिंह का विशेष रूप से विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से लगभग 50 कृषि विभाग के विस्तार अधिकारी भाग लिये। समापन अवसर पर प्रसार शिक्षा निदेशालय के संकाय सदस्य डा. आर.के. शर्मा, डा. संजय चौधरी, डा. निर्मला भट्ट, श्री घनश्याम जोशी, कु. ज्योति कनवाल, श्री जगदीश चन्द्र बिष्ट सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।




*प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित करते निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल एवं अन्य।*



*प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते वैज्ञानिक।*

**निदेशक संचार**